श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
14.08.2026
श्रावण शुक्लपक्ष द्वितीया संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 350

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:23 बजे
अस्त - 06:41 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

प्रधानाध्यापक के तबादले के विरोध में उग्र प्रदर्शन >> पेज 03 श्रीदेवी की कहानी अब पर्दे पर, प्रियंका >> पेज 05

### सुविचार

अगर आप चढ़े नहीं तो गिर नहीं सकते। लेकिन पूरी ज़िंदगी जमीन पर रहने में कोई खुशी नहीं है।

### न्यूज अपडेट्स

#### संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** भारी हंगामे और गतिरोध के बीच संसद के दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही संसद का मानसून सत्र समाप्त हो गया। भारी हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। आज मानसून सत्र का आखिरी दिन था। आमतौर पर सदन की कार्यवाही शाम तक चलती है लेकिन आज लगभग 11 बजकर 5 मिनट पर कार्यवाही स्थगित कर दी गई। मानसून सत्र के आखिरी दिन सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह भी पहुंचे। 20 जुलाई के बाद पहली बार अमित शाह सदन में नजर आए। वहीं, राज्यसभा में मानसून सत्र के आखिरी दिन खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 पास हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में उनके कार्यक्रम के बाद हुए कथित शुद्धिकरण कार्यक्रम का मुद्दा उठाया। इसके तत्काल बाद राज्यसभा की कार्यवाही भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

**विरोध** ▶ माइनिंग बिल से झारखंड को 14,656 करोड़ का नुकसान, सीएम हेमंत सोरेन का ऐलान

# देश में होगा बड़ा आंदोलन



## जेएमएम की ओर से देश में सबसे बड़े आंदोलन शुरू करने की तैयारी

बंशीधर न्यूज

**रांची:** केंद्र सरकार के माइनिंग बिल के प्रभावी हो जाने के बाद झारखंड सरकार अब खनिज पर सेस वसूल नहीं कर सकेगी। इस बिल को लेकर जेएमएम-कांग्रेस की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से इस मुद्दे को लेकर जेएमएम कोटे से सरकार में शामिल मंत्रियों और विधायकों के साथ वर्चुअल बैठक की जाएगी। वहीं जेएमएम की ओर से इस मुद्दे को लेकर देश में अब तक का सबसे बड़ा आंदोलन शुरू करने की बात कही गई है। जेएमएम के आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स पर कहा गया- भाजपा का यह काला कानून सिर्फ झारखंड के खनिज अधिकार पर हमला नहीं है। इसका असर सीधे मंईयां सम्मान पर पड़ेगा। खनिज से मिलने वाला 14,656 करोड़ का अनुमानित राजस्व झारखंड की महिलाओं, बच्चों और गरीब परिवारों पर खर्च होता है। भाजपा चाहती है खनिज कंपनियों को फायदा मिले, लेकिन झारखंड अपनी बहनों का सम्मान न कर सके।

### झारखंड ऐसा बड़ा आंदोलन करेगा, जिसे पूरा देश देखेगा

केंद्र सरकार के खान और खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन विधेयक 2026 के खिलाफ झारखंड में सत्ताधारी गठबंधन की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है। माइनिंग बिल के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के सांसदों, विधायकों और पार्टी कोटे से सरकार में शामिल मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की गई। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी अलग से पत्र लिखकर इस विषय पर समर्थन की मांग की गई है।

### राष्ट्रपति को चिंताओं से अवगत कराया

सीएम हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी को पत्र लिखकर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को लेकर झारखंड और झारखंडवासियों की गंभीर चिंताओं से अवगत कराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संशोधन केवल राजस्व का विषय नहीं, बल्कि राज्यों की विधायी एवं वित्तीय स्वायत्तता, संघीय ढांचे, आदिवासी समुदायों और खनन प्रभावित क्षेत्रों के अधिकारों से जुड़ा प्रश्न है।

### पीएम को पत्र लिखकर पुनर्विचार का आग्रह

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखकर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित प्रावधान झारखंड जैसे खनिज-समृद्ध राज्यों के संवैधानिक अधिकारों, राजस्व, विकास और संघीय ढांचे पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं।

### हक-अधिकार का फैसला दिल्ली से क्यों?

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक के बाद सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- झारखंड ऐसा बड़ा आंदोलन करेगा, जिसे पूरा देश देखेगा। खनिज झारखंड का, जमीन झारखंड की, तो हमारे हक-अधिकार का फैसला दिल्ली क्यों करेगी?

### झारखंड के हाथ-पैरों को काटने का काम

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में जल्दबाजी में खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 पास करा केंद्र सरकार ने झारखंड के हाथ-पैरों को काटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह काला बिल झारखंड और झारखंडियों के साथ अन्याय है, उनके विकास और भविष्य पर बहुत बड़ा कुठाराघात है। झारखंड यह सौतेला व्यवहार नहीं सहेगा।

### मईयां सम्मान व अबुआ आवास योजना बंद हो जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में करोड़ों लोगों के सामाजिक सुरक्षा जैसे मईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, समेत योजनाएं बंद होने के कगार पर आ जाएगी।

### बिल वापस नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन

झारखंड मुक्ति मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करता है। अगर केंद्र सरकार ने यह काला बिल वापस नहीं लिया तो झारखंड ऐसा बड़ा आंदोलन करेगा, जिसे पूरा देश देखेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिला, प्रत्येक प्रखंड, प्रत्येक पंचायत, प्रत्येक शहर में इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। अगर केंद्र सरकार नहीं चेती, और झारखंड तथा झारखंडियों को उसका हक-अधिकार वापस नहीं किया गया तो झारखंड निर्णायक और ऐतिहासिक निर्णयों को लेने से पीछे भी नहीं हटेगा।

## खनिज कानून में संशोधन राज्यों के अधिकारों पर हमला : प्रदीप यादव



उधर, झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा में पारित कराए गए खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 का विरोध किया है। उन्होंने विधेयक को राज्यों के संवैधानिक और वित्तीय अधिकारों को कमजोर करने वाला बताते हुए केंद्र सरकार से इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदीप यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ के फैसले के बाद राज्यों को खनिज संसाधनों पर अतिरिक्त उपकर लगाने का अधिकार मिला था।

### सहकारी संघवाद और राज्यों की आर्थिक स्वायत्तता के खिलाफ

प्रदीप यादव ने इसे केंद्र सरकार का नया संशोधन इस अधिकार को सीमित करने का प्रयास है। उन्होंने इसे सहकारी संघवाद और राज्यों की आर्थिक स्वायत्तता के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि खनिज संसाधन झारखंड की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं। ऐसे में प्रस्तावित संशोधन का राज्य पर व्यापक असर पड़ सकता है। प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्यों को उनके संसाधनों से मिलने वाले राजस्व के मामले में अधिक निर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है।

### मंईयां सम्मान योजना पर पड़ेगा प्रभाव

कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों और अन्य जरूरतमंद वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने दावा किया कि खनिज राजस्व से जुड़े अधिकार प्रभावित होने पर ऐसी योजनाओं के वित्तपोषण पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने विशेष रूप से मंईयां सम्मान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका प्रभाव राज्य की बड़ी संख्या में महिलाओं पर पड़ सकता है। यादव ने कहा कि कांग्रेस ने संसद में इस विधेयक का विरोध किया है और झारखंड में भी पार्टी राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन करेगी।

### संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करने की अपील की

उन्होंने कहा कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से जुड़े अधिकारों की रक्षा का सवाल केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि राज्य के आर्थिक हितों से भी जुड़ा है। उन्होंने केंद्र सरकार से राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राज्यों के संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करने की अपील की। यादव ने कहा कि भारत सरकार को प्रस्तावित संशोधन पर पुनर्विचार करते हुए इसे वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यों के अधिकारों और वित्तीय संघीय व्यवस्था को कमजोर करने वाला कोई भी कदम स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**सड़क किनारे लगे विज्ञापन बोर्डों पर हाइकोर्ट सख्त, दिया निर्देश**

# 12 फीट से कम ऊंचाई वाले होर्डिंग हटाएं

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने सड़क किनारे और डिवाइडर पर लगे विज्ञापन होर्डिंग, यूनिपोल, मोनोपोल व प्लेकार्ड को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने रांची नगर निगम (आरएमसी) को निर्देश दिया है कि स्ट्रीट लाइट के खंभों पर सड़क की सतह से 12 फीट से कम ऊंचाई पर लगे सभी विज्ञापन बोर्ड तत्काल हटाए जाएं या उन्हें 12 फीट से अधिक ऊंचाई पर लगाया जाए। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंद सेन की




अदालत ने मामले की सुनवाई की। झारखंड स्टेट आउटडोर एडवरटाइजिंग एसोसिएशन सहित दो रिट याचिकाओं की सुनवाई उच्च न्यायालय ने की। अदालत ने दोनों मामलों में प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले पर सुनवाई के लिए अगले सप्ताह निर्धारित की। निगम ने विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।

अदालत ने रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि डिवाइडर पर लगे स्ट्रीट लाइट के खंभों पर सड़क की सतह से कम ऊंचाई पर लगाए गए सभी विज्ञापन होर्डिंग, बिलबोर्ड और प्लेकार्ड हटाए जाएं।

अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि सड़क के डिवाइडर पर लगे बिजली के खंभों पर कोई विज्ञापन बोर्ड लगाया जाता है, तो उसका कोई भी हिस्सा सड़क की सतह से 12 फीट से कम ऊंचाई पर नहीं होना चाहिए। सुनवाई के दौरान विज्ञापन एजेंसियों की ओर से कहा गया कि सभी होर्डिंग, मोनोपोल और यूनिपोल को हटाने का निर्देश दिया गया है। एजेंसियों का कहना था कि निगम को कम से कम यह बताना चाहिए कि कौन-कौन से होर्डिंग खतरा पैदा कर रहे हैं, क्योंकि सभी होर्डिंग को खतरे की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

वहीं, रांची नगर निगम की ओर से कहा गया कि मोनोपोल, यूनिपोल, विज्ञापन होर्डिंग, बिलबोर्ड और प्लेकार्ड आदि वाहन चालकों का ध्यान भटकाते हैं। इससे दुर्घटना, चोट और जान जाने जैसी घटनाओं का खतरा रहता है।

अदालत ने कहा कि सड़क के बीच बिजली के खंभों पर कम ऊंचाई पर विज्ञापन बोर्ड लगाना निश्चित रूप से यात्रियों के लिए खतरा है। ऐसे बोर्ड ब्लाइंड स्पॉट भी पैदा करते हैं, जिससे सड़क पर दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है।

## 14वीं जेपीएससी एवं जेएसएससी परीक्षा की सीबीआई जांच को लेकर हाई कोर्ट में पीआईएल दायर

**रांची।** 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा सहित टीडीपीएल द्वारा आयोजित जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षा की सीबीआई जांच को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को जनहित याचिका दाखिल की गई है। मामले में प्रार्थी बसंत प्रसाद ने कहा है कि 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, पैसा लेकर पद बेचने का आरोप आया है। इसकी सीआईडी चल रही है




लेकिन सीआईडी की जांच काफी नहीं है क्योंकि इसमें बड़े चेहरे शामिल है। इसलिए इसकी सीबीआई जांच कराई जाए। प्रार्थी की ओर से कहां गया है कि झारखंड में टीडीपीएल द्वारा जो भी परीक्षा आयोजित हुई है, उसमें गलत तरीके से अभ्यर्थियों को पास कराया गया है। प्रार्थी ने यह भी आग्रह किया है कि टीडीपीएल द्वारा जेपीएससी और जेएसएससी की जितनी भी परीक्षा ली गई है। सबकी सीबीआई जांच कराई जाए।

# छात्रों की सरकार से अपील, विधानसभा मार्च की एफआईआर में किसी छात्र का नाम नहीं होना चाहिए



**रांची।** जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में सुधार की मांग को लेकर झारखंड में छात्रों का अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। 10 अगस्त को हुए विधानसभा मार्च के बाद जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच के छात्र नेताओं ने राज्य सरकार से अपील की है कि विधानसभा मार्च मामले में हुई एफआईआर में किसी भी छात्र का नाम नहीं होना चाहिए। छात्र नेताओं ने गुरुवार रात को प्रेसवार्ता कर आंदोलन को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही कथित भ्रामक खबरों पर स्थिति स्पष्ट की। सरकार के सामने अपनी मांगें दोहराते हुए आगे के आंदोलन की रूपरेखा भी बताई। छात्रों ने कहा कि 10 अगस्त के विधानसभा मार्च के बाद दर्ज एफआईआर में किसी भी छात्र का नाम शामिल नहीं किया जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार से इस संबंध में स्पष्ट कार्रवाई की मांग की। छात्र नेताओं ने सोशल मीडिया पर चल रहे उस दावे को खारिज किया, जिसमें कहा जा रहा है कि सरकार ने उनकी 98 प्रतिशत मांगें मान ली हैं। उनका कहना है कि उनकी मुख्य मांग परीक्षाओं को रद्द करने से संबंधित थी और इस मांग के भी केवल एक सीमित हिस्से पर सहमति बनी है। छात्रों ने कहा कि आंदोलन की प्रमुख मांगें अभी पूरी तरह नहीं मानी गई हैं। छात्र नेताओं ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के उस बयान पर भी आपत्ति जताई, जिसमें सरकार से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में छात्रों के शामिल नहीं होने की बात कही गई थी। छात्र नेता रविंद्र पासवान और पीयूष ने कहा कि वे स्वयं जेपीएससी और जेएसएससी की तैयारी करने वाले छात्र हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर वे अपने एडमिट कार्ड भी प्रस्तुत कर सकते हैं। मंच के अधिकृत प्रवक्ता रविंद्र पासवान और पीयूष ने स्पष्ट किया कि 20 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेराव का कोई कार्यक्रम उनकी ओर से घोषित नहीं किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही ऐसी खबरों को भ्रामक बताते हुए छात्रों से अपील की कि वे केवल मंच के अधिकृत प्रवक्ताओं की ओर से जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें। छात्र नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी अपील की कि यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन छात्रों की मांगों को गंभीरता से नहीं लेते हैं, तो कांग्रेस को छात्रों के हित में सरकार से अपना समर्थन वापस लेने पर विचार करना चाहिए। छात्रों ने मुख्यमंत्री से कार्मिक विभाग के प्रमुख के रूप में पुरानी नियुक्तियों में सामने आई गड़बड़ियों पर तत्काल कार्रवाई करने तथा दारोगा, कांस्टेबल और फॉरेस्ट गार्ड सहित अन्य पदों पर नई नियुक्तियों की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की।

## न्यूज अडेट्स

### एमएमडीआर संशोधन विधेयक झारखंड के लिए आर्थिक चोट : दीपिका



**रांची।** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि खनिज वहन भूमि उपकर (जीएमबीएल सेस) और प्रस्तावित एमएमडीआर संशोधन विधेयक 2026 झारखंड के अधिकारों और वित्तीय हितों पर आर्थिक चोट है। उन्होंने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि संशोधन के जरिए खनिज संपदा वाले राज्यों की कर और उपकर लगाने की शक्तियों को सीमित करने की कोशिश की जा रही है, जिसका कांग्रेस और गठबंधन सरकार हर स्तर पर विरोध करेगी। झारखंड जैसे खनिज संपदा से समृद्ध राज्य की राजस्व क्षमता पर केंद्र सरकार की लगाम उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीएमबीएल सेस कोई नई रॉयल्टी या खनिज उत्पादन पर अतिरिक्त रॉयल्टी शुल्क नहीं, बल्कि खनिज वाली भूमि पर लगाया जाने वाला उपकर है। मंत्री ने कहा कि जुलाई 2024 में सर्वोच्च न्यायालय की नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने मिनरल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड मामले में निर्णय दिया था। इसके बाद झारखंड विधानसभा ने झारखंड मिनरल बेयरिंग लैंड सेस अधिनियम, 2024 पारित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के हितों की हकमारी पर सरकार चुप नहीं बैठेगी।

## 15 अगस्त मोरहाबादी मैदान में होगा मुख्य समारोह

# स्वतंत्रता दिवस. फुल ड्रेस रिहर्सल, ड्रोन पर रोक



**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। समारोह स्थल पर बिना अनुमति ड्रोन से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल अधिकृत विभागीय स्तर से ही ड्रोन के जरिए वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी कराई जा सकेगी।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन की देखरेख में स्वतंत्रता दिवस के दिन होने वाली सभी औपचारिक गतिविधियों का अभ्यास किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 15 अगस्त को यहां ध्वजारोहण करेंगे। समारोह की सुरक्षा और संचालन को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग हुई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे समय पर अपने निर्धारित स्थल पर पहुंचें और निर्धारित जिम्मेदारियों को निभाएं। एसएसपी राकेश रंजन ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया और कहा कि समारोह में आने वाले सभी लोगों की सघन जांच की जाएगी। किसी भी व्यक्ति को आपत्तिजनक सामग्री के साथ कार्यक्रम स्थल में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। प्रशासन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान अधिकारियों ने परेड की सलामी ली। समारोह में सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ, ओडिशा पुलिस, झारखंड जगुआर, जैप-1, जैप-2, जैप-10, रांची जिला पुलिस, झारखंड गृहरक्षा वाहिनी और एनसीसी के बालक-बालिका प्लाटून शामिल होंगी। जैप-1, जैप-10 और गृहरक्षा वाहिनी की बैण्ड पार्टियों भी समारोह में भाग लेंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह में फर्स्ट इन कमांड 2022 बैच के आईपीएस अधिकारी राघवेंद्र शर्मा होंगे, जो वर्तमान में रामगढ़ जिले में पदस्थापित हैं। सेकेंड इन कमांड परिचारी प्रवर द्वितीय अनिश मोमिन कुजूर होंगे। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने अधिकारियों को अपने कार्य, दायित्व और प्रतिनियुक्ति स्थल की पूरी जानकारी रखने का निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्य अतिथियों के आगमन की व्यवस्था समय पर पूरा करें।

## जेपीएससी छात्र-अभ्यर्थियों की मुख्यमंत्री आवास घेराव की खबरें गलत : कुणाल



**रांची।** जेपीएससी-जेएसएससी मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेराव किए जाने की चर्चा और सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अफवाहों के बीच छात्र अभ्यर्थियों ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल उनका मुख्यमंत्री आवास घेराव की कोई योजना नहीं है। यह जानकारी जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच की ओर से कुणाल प्रताप सिंह ने गुरुवार को मीडिया को दी। कुणाल ने कहा कि जेपीएससी-जेएसएससी से जुड़े मुद्दों को लेकर छात्र अभ्यर्थियों के बीच विभिन्न स्तरों पर चर्चा और रणनीति तैयार की जा रही है। लेकिन मुख्यमंत्री आवास के घेराव को लेकर जिस तरह की बातें प्रसारित की जा रही हैं। मूल खबरों या सूचनाओं में फिलहाल ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रम और आंदोलन की आगे की रणनीति की विस्तृत जानकारी जल्द ही मीडिया के समक्ष साझा की जाएगी। इसके साथ ही हाल के दिनों में जेपीएससी-जेएसएससी आंदोलन को लेकर प्रसारित की जा रही कुछ भ्रामक और तथ्यहीन जानकारियों का तथ्यों के साथ खंडन किया जाएगा और आवश्यक स्पष्टीकरण भी दिया जाएगा। कुणाल ने छात्र अभ्यर्थियों और आम लोगों से अपील की कि वे किसी भी सूचना पर विश्वास करने से पहले उसके स्रोत और सत्यता की पुष्टि करें। उन्होंने कहा कि आंदोलन से संबंधित आधिकारिक कार्यक्रम और निर्णय की जानकारी मंच की ओर से उचित माध्यम से दी जाएगी। जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच ने कहा कि छात्रों के हितों और परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों को लेकर उनका पक्ष स्पष्ट है। आगामी कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही आंदोलन की दिशा और रणनीति के संबंध में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

### जेपीएससी मामले में सात आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पांच जिलों में सीआईडी ने की छापेमारी

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं से जुड़े सीआईडी थाना कांड संख्या 16/2026 में वांछित सात आरोपितों की गिरफ्तारी और वारंट के तामिला के लिए सीआईडी की टीम ने राज्य के पांच जिलों में छापेमारी की। सीआईडी ने रांची नामकुम स्थित पेप्सी ग्रांउड आदित्य पाण्डेय, रांची के टाटीसिल्वे स्थित हरिनगर पवन कुमार सिंह, पलामू के हरिनगर स्थित रविशंकर कुमार, पलामू के हमीदगंज संतोष कुमार सिंह, बोकारो स्टील निवासी सानन्द प्रकाश, हजारीबाग के कोर्रा निवासी लालू कुमार यादव, गिरिडीह के बेंगाबाद निवासी सौरभ कुमार पाण्डेय की गिरफ्तारी एवं वारंट तामिला के लिए सीआईडी टीम की ओर से विभिन्न जिलों में छापामारी की गई है। सीआईडी की टीम अनुसंधान के क्रम में प्राप्त ओएमआर कार्बन कॉपी का मिलान और स्क्रूटनी की प्रक्रिया साक्ष्य संकलन के लिए जांच कर रही है। मामले में अनुसंधान सतत रूप से जारी है और साक्ष्यों के आधार पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### एमएमडीआर विधेयक से मंईयां सम्मान योजना पर पड़ेगा असर : विनोद



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने संसद में पारित एमएमडीआर संशोधन विधेयक 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि विधेयक से राज्य के खनिज राजस्व में संभावित कमी का सीधा असर कल्याणकारी योजनाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना और शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। गुरुवार को झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में विनोद पांडेय ने आरोप लगाया कि खनिज उत्पादक राज्यों झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक से पर्याप्त परामर्श किए बिना विधेयक को राज्यसभा में कुछ ही मिनटों में पारित करा दिया गया। उन्होंने दावा किया कि संशोधन से झारखंड को करीब 15 हजार करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि नए प्रावधानों से राज्यों के खनिज संबंधी अधिकार कमजोर किए गए हैं। झामुमो ने सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि राज्यों को खनिजों पर सेस लगाने का अधिकार मिला था, लेकिन संशोधन से इस अधिकार पर भी असर पड़ रहा है। विनोद पांडेय ने कहा कि केंद्र के पास झारखंड की करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये की बकाया राशि है और नए प्रावधानों से इसकी वसूली का रास्ता प्रभावित होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिकार वापस नहीं किए गए तो 1980 के दशक की तर्ज पर आंदोलन किया जाएगा। झामुमो चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। पहले जनजागरण अभियान, फिर धरना-प्रदर्शन और बंद किए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर आर्थिक नाकेबंदी और कानूनी विकल्पों पर भी विचार किया जाएगा।

## झारखंड के छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध

# भाजपा सांसदों का संसद परिसर में प्रदर्शन



**रांची।** झारखंड के छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर स्थित मकर द्वार पर प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में सांसदों ने छात्रों के साथ कथित अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। भाजपा ने कहा कि छात्रों की न्याय की लड़ाई अब राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं है और पार्टी उनकी आवाज संसद तक पहुंचा रही है। इस दौरान साहू ने कहा कि झारखंड में पिछले 20 दिनों से छात्र आंदोलनरत हैं। यहां कांग्रेस के समर्थन से सरकार चल रही है और सात सालों से कांग्रेस, झामुमो द्वारा नौकरियों को बेचा जा रहा है। राहुल गांधी में थोड़ी भी नैतिकता है तो उन्हें दिल्ली से ट्वीट-ट्वीट खेलने की बजाय झारखंड आकर छात्रों-युवाओं से बात करनी चाहिए। साथ ही सीएम हेमंत सोरेन सरकार से उन्हें दो टूक बात करनी चाहिए कि छात्रों की सीबीआई जांच की मांग को सरकार अविलंब पूरी करे। अगर सरकार उनकी बात नहीं मानती है तो सरकार से समर्थन वापस लेकर उन्हें छात्रों के साथ अनशन पर बैठना चाहिए। साहू ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो झारखंड के युवाओं के हक अधिकार को छीनने का काम कर रही है। जबकि भाजपा छात्रों के अधिकार, रोजगार और न्याय की लड़ाई में मजबूती से उनके साथ खड़ी है। राहुल गांधी और कांग्रेस से सवाल है कि झारखंड के छात्रों पर लाठियां बरसीं, फिर भी आपकी चुप्पी आखिर किसके पक्ष में है? दिल्ली और झारखंड के छात्रों के साथ आपका दोहरा रवैया क्यों ? उन्होंने कहा कि बंदर को सभी बंदर ही नजर आते हैं। यही हाल कांग्रेस पार्टी के नेताओं का है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी और हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के लिए राज्य सरकार से माफी मांगने और इस्तीफे की मांग की।

प्रदर्शन में आदित्य साहू के अलावा सांसद निशिकांत दुबे, विद्युत वरण महतो, डॉ. प्रदीप वर्मा, बीडी राम, ढुल्लू महतो और मनीष जायसवाल सहित अन्य भाजपा सांसद उपस्थित रहे।

### खनिज विधेयक कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने की साजिश : कमलेश



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने लोकसभा में पेश किए गए माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेग्युलेशन) एमेंडमेंट बिल-2025 को संघीय ढांचे को कमजोर करने वाला कदम बताया है। कमलेश ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि खनिज संपदा जिस राज्य की जमीन से निकलती है, उस राज्य और वहां के लोगों का उसके लाभ पर पहला अधिकार होना चाहिए। केंद्र सरकार राज्यों के अधिकारों को सीमित कर अपने हाथों में अधिक शक्तियां केंद्रित करना चाहती है, जो संविधान की संघीय भावना पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के जरिए बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए खनन क्षेत्र में रास्ता आसान किया जा रहा है। देश के प्राकृतिक संसाधन जनता की संपत्ति हैं, किसी चुनिंदा उद्योगपति या कॉरपोरेट समूह की जागीर नहीं। झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्य में खनन का सीधा असर जल, जंगल और जमीन पर पड़ता है। इसलिए आदिवासियों और स्थानीय लोगों के अधिकारों तथा ग्राम सभाओं की भूमिका को कमजोर करने वाला कोई भी प्रयास कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

# आरके ग्रुप के सभी संस्थानों में धूमधाम से मनाया जायेगा 15 अगस्त, सांस्कृतिक कार्यक्रम तय



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा संचालित स्कूल एवं कॉलेजों में 15 अगस्त को धूमधाम से समारोह आयोजित किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी संस्थानों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ध्वजारोहण के बाद छात्र-छात्राओं की ओर से देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एवं जिले के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के लिये गौरव, त्याग और राष्ट्रभक्ति का पर्व है। आजादी के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को याद करते हुये हमें देश की एकता, अखंडता और विकास के लिये अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिये। ग्रुप के मीडिया प्रभारी रौशन धर दुबे ने बताया कि आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में सुबह 8:15 बजे संस्थापक राजकुमार पाण्डेय ध्वजारोहण करेंगे। आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर नगर में सुबह नौ बजे प्राचार्या पर्णा घोष, आरकेबीएस बीएड कॉलेज गढ़वा तथा आरके नर्सिंग एवं फार्मेसी कॉलेज में सुबह 10 बजे संस्थापक राजकुमार पाण्डेय ध्वजारोहण करेंगे। आरके पब्लिक स्कूल हूर में सुबह 11 बजे राजकुमार पाण्डेय और आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में सुबह 11:30 बजे निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ध्वजारोहण करेंगे। समारोह में संस्थानों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, अभिभावक, अतिथि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण के बाद गीत, नृत्य, भाषण समेत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। आरके ग्रुप परिवार ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में शामिल होने की अपील की है।

## न्यूज अपडेट्स

### सड़क किनारे खड़ी पिकअप चोरी होने से बढ़ी परेशानी

**रेहला :** झारखंड ग्रामीण बैंक के निकट सड़क किनारे खड़ी पिकअप (जेएच 03 एम 4801) की चोरी चार अगस्त की रात में हो गई है। वाहन मालिक रमेश प्रसाद गुप्ता ने इसकी प्राथमिकी रेहला थाने में कराई है। उनका कहना है कि स्थानीय प्रशासन अभी तक चोरी हुई पिकअप को खोजने में दिलचस्पी नहीं ले रही है। वाहन मालिक ने इसकी लिखित शिकायत जिले के एसपी से कर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। ताकि चोरी हुई वाहन की बरामदगी सम्भव हो सके। थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने जल्द ही इसका उद्भेदन करने का दावा किया है।

### खेत में पलटा ट्रैक्टर, दबने से युवक की मौत

**नावाजयपुर :** थाना क्षेत्र के पुणाडीह गांव में खेत में काम करने के दौरान ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबकर 36 वर्षीय निर्मल कुमार सिंह की मौत हो गई। मृतक पड़वा थाना क्षेत्र के रबदी गांव निवासी धर्मदेव सिंह के पुत्र थे। परिजनों के अनुसार निर्मल अपने ट्रैक्टर से बहनोई के खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें नावाजयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**विरोध** प्रधानाध्यापक के तबादले के विरोध में उग्र प्रदर्शन

# मीडिया हाउस में तोड़फोड़ का आरोप

अभिषेक पांडेय



**कांडी :** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी के प्रधानाध्यापक मलय कुमार सिंह के प्रतिनियोजन के विरोध में गुरुवार को छात्रों का प्रदर्शन उग्र हो गया। आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुये कांडी-भवनाथपुर मुख्य सड़क को करीब सात घंटे तक जाम रखा। हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित रहा और राहगीरों को काफी परेशानी हुई।जानकारी के अनुसार प्रधानाध्यापक मलय कुमार सिंह का 12 अगस्त को डंडई प्रखंड के लवाही कला उच्च विद्यालय में प्रतिनियोजन किया गया था। इसके विरोध में गुरुवार को काफी संख्या में छात्र-छात्राएं सड़क पर उतर आये। देखते ही देखते प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा एक मीडिया हाउस में तोड़फोड़ किये जाने की भी सूचना है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुर्सी, टेबल, पंखे समेत अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया गया। इसके बाद आग लगाये जाने का भी आरोप है। प्रदर्शन के दौरान हुई पत्थरबाजी में कांडी थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। घायलों में मोहम्मद अशफाक आलम भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सतेन्द्र पांडेय के वाहन पर हमला कर शीशा तोड़ दिया। वहीं मनरेगा के कनीय अभियंता देवकुमार सिंह से मारपीट और आधार कार्ड बनाने वाले कार्यालय में तोड़फोड़ की भी सूचना मिली है। सूचना पर पुलिस अवर निरीक्षक ब्रिज कुमार, गढ़वा एसडीपीओ दिलु लोहारा और बीडीओ राकेश सहाय मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रित हुई। बताया गया कि विरोध के बाद प्रधानाध्यापक मलय कुमार सिंह की पुनः कांडी में पदस्थापना कर दी गई, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिये 12 स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम चयनित



**गढ़वा :** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों का चयन कर लिया गया है। इसके लिये नौ अगस्त से पूर्वाभ्यास कराया जा रहा था। जिले के 16 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के परिसर में संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के निर्देशन में प्रतिभागियों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का विधिवत अभ्यास कराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास डीईओ और डीएसई की देखरेख में कराया गया। इसके बाद टाउन हॉल में प्रस्तुति के लिये कुल 12 विद्यालयों के कार्यक्रमों का चयन किया गया है। चयनित विद्यालयों के छात्र-छात्राएं स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति गीत और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। नृत्य की श्रेणी में केजीबीवी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गढ़वा, बीएसकेडी स्कूल, आरकेसीएम गर्ल्स स्कूल, ज्ञान निकेतन बेलचंपा, संत पॉल एकेडमी, बीपीडीएवी स्कूल, शांति निवास स्कूल और केजीबीवी कस्तूरबा मेराल की प्रस्तुतियों का चयन किया गया है। वहीं गीत की श्रेणी में बीएनटी संत मैरी स्कूल, ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल, ब्राइट फ्यूचर स्कूल और आरके पब्लिक स्कूल की प्रस्तुतियां चयनित हुई हैं। चयनित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 14 अगस्त को शाम पांच बजे से गढ़वा टाउन हॉल में किया जायेगा।

### सर्पदंश पीड़ित परिवार को मिलेगी सरकारी सहायता



**श्री बंशीधर नगर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर पीएलवी टीम ने प्रखंड के नरखोरिया गांव पहुंचकर सर्पदंश से मृत युवक के परिजनों से मुलाकात की। टीम ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुये सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली सहायता दिलाने के लिये हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। नरखोरिया निवासी वासुदेव प्रसाद के पुत्र अमित कुमार की सर्पदंश के कारण मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीएलवी सुधीर कुमार चौबे, पंकज कुमार एवं रामबचन राम मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली और दुख की इस घड़ी में उन्हें ढांढ़स बंधाया। पीएलवी टीम ने परिजनों को बताया कि सर्पदंश से मृत्यु के मामले में आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से निर्धारित प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार को मुआवजा उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि मुआवजा राशि का लाभ दिलाने के लिये आवश्यक विधिक एवं प्रशासनिक प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग किया जायेगा। पीएलवी ने परिजनों को मुआवजा प्राप्त करने के लिये जरूरी दस्तावेजों और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी दी। साथ ही संबंधित विभाग के समक्ष आवेदन कराने तथा सरकारी सहायता का लाभ दिलाने में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### इन्द्रदेव पब्लिक व आरके पब्लिक स्कूल फाइनल में



**गढ़वा :** प्रथम गढ़वा जिला अंतर स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप के अंडर 15 वर्ग के सेमी फाइनल मैच में इंद्रदेव पब्लिक स्कूल ने ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल को 6-0 से एवं आरके पब्लिक स्कूल ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमी फाइनल मैच में इंद्रदेव पब्लिक स्कूल रंका की टीम ने शुरू से ही आक्रमक खेल का प्रदर्शन किया। इंद्रदेव पब्लिक स्कूल रंका के टीम की ओर से अनुराधा ने दो गोल, विजय सिंह, चंदन राम, छोटू सिंह और रवि रंजन ने एक एक गोल किया। दूसरे सेमी फाइनल मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की ओर से खेल के पहले हाफ में आरके पब्लिक स्कूल के हिमांशु ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दिया। उसके बाद दोनों टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन के सहयोग से बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला कॉर्डिनेटर कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, धर्मराज, भारती आनंद यादव, फुटबॉल कोच सोनी कुमारी, आशीष कुमार, टेक्निकल टीम में संजय कुमार, विजय सिंह, रंजन, सोन, सुशील अल्ताफ का विशेष योगदान है। इस अवसर पर खेल प्रेमी और विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

### डीसी-एसपी ने परेड पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण, जवानों ने दी राष्ट्रध्वज को सलामी



**मेदिनीनगर :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2026 को पलामू जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाईन स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में सुबह 9 बजे मुख्य ध्वजारोहण होगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को पुलिस लाईन स्टेडियम में परेड पूर्वाभ्यास के अंतिम दिन डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं एसपी कपिल चौधरी ने संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। जवानों ने अनुशासित एवं आकर्षक तरीके से परेड का पूर्वाभ्यास किया। डीसी एवं एसपी ने परेड की विभिन्न तैयारियों का जायजा लेते हुये मुख्य समारोह को बेहतर एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीसी ने समारोह में शामिल होने वाले सभी पदाधिकारियों, जवानों एवं अन्य संबंधित लोगों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने तथा सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के गौरव और राष्ट्रीय एकता का पर्व है। उन्होंने पलामूवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुये आम लोगों से अपने-अपने स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की।

**देशभक्ति के रंग में रंगा ज्ञान निकेतन कान्वेंट का परिसर**

# राष्ट्रीय एकता की भावना बढ़ाना उद्देश्य

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के परिसर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। छात्र-छात्राओं में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह और उल्लास देखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम के सामूहिक गान से हुई, जबकि समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश का गौरव है और हर भारतीय के हृदय में इसके प्रति सम्मान होना चाहिये। तिरंगे के तीनों रंग साहस, त्याग, शांति, सत्य, समृद्धि और हरियाली का संदेश देते हैं। जबकि अशोक चक्र निरंतर प्रगति और कर्म का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। इस अवसर पर महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मीबाई और सरदार पटेल समेत स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया गया। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र शाह, जूनियर विंग इंचार्ज खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, दिनेश कुमार, आलोक कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, शिवानी कुमारी, चंदा कुमारी, वर्षा कुमारी, सुनीता कुमारी आदि उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षक दिनेश कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन बीके ठाकुर ने किया।

# सनातन संस्कृति की ध्वजवाहक थीं अहिल्याबाई, उनका जीवन प्रेरणास्रोत : राकेश पाल



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिला पाल महासभा के तत्वावधान में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय नगर भवन के समीप राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर पाल समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम को लेकर प्रतिमा स्थल को विशेष साफ-सफाई कर परिसर को फूलों से सजाया गया था। विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों पाल समाज के लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय सनातन संस्कृति की ध्वजवाहक थीं। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर और गया स्थित विष्णुपद मंदिर सहित देशभर के सैकड़ों मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। इसके अलावा कई मंदिरों एवं धर्मशालाओं का निर्माण कराया तथा गरीबों के लिये निःशुल्क भोजनालय शुरू करवाये। उन्होंने कहा कि गुलाम भारत में एक महिला का समाज और धर्म के प्रति ऐसा समर्पण अद्वितीय उदाहरण है। जिला पाल महासंघ के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज के लिये प्रेरणास्रोत है। गडेरिया पाल वंश में जन्मी राजमाता हम सभी की धरोहर हैं और उनके योगदान पर समाज को गर्व है। मौके पर कोषाध्यक्ष सुरेंद्र पाल, मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार पाल, दिलीप पाल, योगेंद्र पाल, सत्येंद्र पाल, उदय पाल, अजय पाल, संरक्षक बुधन पाल, रामदास पाल, विश्वनाथ पाल, नागेंद्र पाल, शिवपूजन पाल, मंजय पाल, मनीष पाल, रामदेव पाल, विजय पाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### धान रोपने के दौरान वज्रपात, महिला की मौत

**छतरपुर :** प्रखंड के चिरु पंचायत अंतर्गत दतटूटा गांव के टोला हेन्हें में गुरुवार को धान रोपने के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से 40 वर्षीय संगीता देवी की मौत हो गई। वह योगेंद्र यादव की पत्नी थीं। खेत में धान रोपने के दौरान अचानक हुये वज्रपात से वह गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन उन्हें तत्काल अनुमंडल अस्पताल छतरपुर ले गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीनगर भेज दिया।

### वज्रपात से महिला के शरीर में लगी आग, मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छत्तरपुर प्रखंड क्षेत्र के चिरु पंचायत अंतर्गत दतटूटा गांव के टोला हेन्हें में गुरुवार को धान रोपने के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से संगीता देवी (38) की मौत हो गई। वह खेत में धान रोपने के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन उन्हें तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल, छतरपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि संगीता देवी अपने पति के साथ बारिश के दौरान धान की रोपनी कर रही थी। इस दौरान उसके पति वहां से हट गए और महिला अकेली धान रोप रही थी। ऐसे में अचानक उस पर आकाशीय बिजली गिर गई और धू-धू कर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने महिला की आग बुझायी। इसी क्रम में मौके पर महिला ने दम तोड़ दिया। बावजूद उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, छतरपुर ले गए। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## पलामू

### मंत्री किशोर ने बिजली अधिकारियों संग की बैठक, कहा

# सिंचाई में बिजली की कमी नहीं बने बाधा

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल में कम बारिश, सूखे और भीषण गर्मी के कारण कृषि कार्य पर पड़ रहे असर को देखते हुये प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुवार को पलामू समाहरणालय में जिला प्रशासन एवं झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कृषि कार्य के लिये पर्याप्त और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि किसानों के सिंचाई कार्य में बिजली की कमी किसी भी स्थिति में बाधा नहीं बननी चाहिये। बैठक के जेबीवीएनएल के अभियंताओं ने बताया कि जिले में वर्तमान में करीब 270 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है। जबकि लगभग 183 मेगावाट बिजली उपलब्ध हो रही है। इस तरह करीब 87 मेगावाट की कमी बनी हुई है। मंत्री ने कहा कि कम बारिश और भीषण गर्मी के कारण किसान पहले से ही चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में सिंचाई के लिये पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिये। बढ़े हुये कृषि भार को देखते हुये ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने नियमानुसार 25 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों को 63 केवीए तथा 63 केवीए वाले ट्रांसफार्मरों को 100 केवीए में अपग्रेड करने की कार्रवाई करने को कहा। मंत्री ने बताया कि शीघ्र ही पलामू जिले को 63 केवीए के 100 और 100 केवीए क्षमता के 100 नये ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराये जाएंगे। इसके अलावा जिले में बिजली आपूर्ति करीब 43 मेगावाट बढ़ाने की दिशा में भी पहल की जायेगी। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन करीब 20 से 25 ट्रांसफार्मर जल रहे हैं, जिससे विशेषकर ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। अधिकारियों ने 200-200 की संख्या में 63 केवीए और 100 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग रखी। मंत्री ने इस दिशा में आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। बैठक में छतरपुर और नौडीहा बाजार में निर्माणाधीन विद्युत ग्रिड की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक प्रभात कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक शुभंकर झा एवं कार्यकारी निदेशक सुधीर कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, जेबीवीएनएल मुख्यालय के अधिकारी, मेदिनीनगर के महाप्रबंधक, अधीक्षण अभियंता, डालटनगंज एवं छतरपुर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता तथा पाटन, छतरपुर और नौडीहा बाजार के बीडीओ मौजूद थे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर आयुक्त ने की समीक्षा

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल, गरिमापूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुये विभिन्न विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के प्रोटोकॉल में बदलाव किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय गीत से होगी। इसके बाद ध्वजारोहण, राष्ट्रीयगान, गार्ड ऑफ ऑनर और आयुक्त का संबोधन होगा। संबोधन के बाद पुनः राष्ट्रीय गीत होगा तथा अंत में राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का समापन किया जायेगा। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं। समारोह स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ रखने को कहा गया। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और निर्धारित प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने को कहा, ताकि स्वतंत्रता दिवस समारोह शांतिपूर्ण, भव्य और गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

### एसडीएम ने उंटारी प्रखंड व अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**उटारी रोड :** सदर एसडीएम संजय पांडेय ने गुरुवार को प्रखंड व अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यशैली और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये पदाधिकारियों व कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि आमलोगों के कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाय और उन्हें कार्यालय का चक्कर लगाने के लिये मजबूर न होना पड़े। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की बेपटरी व्यवस्था को सिस्टम में लाने के लिये एसडीएम ने कर्मियों को कार्यशैली में सुधार करने और अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने तथा सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनाये रखने पर भी जोर दिया। इधर कई ग्रामीणों ने भी एसडीएम से मुलाकात कर प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मियों की कथित मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि आमलोगों का कोई भी काम निर्धारित समयावधि में नहीं होता है। छोटे-छोटे कार्यों के लिये भी लोगों को कई बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार जिले के आलाधिकारियों से भी शिकायत की जा चुकी है। एसडीएम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुये आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद उन्होंने गांधी प्लस टू हाईस्कूल का भी निरीक्षण किया और विद्यालय की व्यवस्था में सुधार को लेकर संबंधित लोगों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### जनता की समस्याओं को लेकर भाजपा सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी : मरांडी



**मेदिनीनगर :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी गुरुवार को पांकी प्रखंड के चांपी-फुलवरिया बाजार पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पांकी के सकलदीपा में आदिवासी पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। जनसभा को संबोधित करते हुये बाबूलाल मरांडी ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाना भाजपा की प्राथमिकता है। उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुये कहा कि जनता से किये गये वादों को पूरा करने की दिशा में सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिये। उन्होंने कहा कि भाजपा जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी की जनता के साथ भाजपा मजबूती से खड़ी है। क्षेत्र की समस्याओं और विकास के मुद्दों को लेकर वे लगातार आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी जनता के हित में संघर्ष जारी रहेगा। भाजपा प्रदेश महा मंत्री मनोज सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेत्री डॉ लवली गुप्ता, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सरोज चटर्जी, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, राजेन्द्र यादव, शत्रुघ्न सिंह, श्याम नंदन ओझा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### अधिवक्ताओं की सुविधा व संगठन की मजबूती के लिए होंगे प्रयास : अजय



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं की सुविधा और संगठन को अधिक व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। एसोसिएशन से संबद्ध अधिवक्ताओं के पहचान पत्र तैयार कर बुधवार को कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के बीच वितरित किये गये। इसके साथ ही अधिवक्ताओं के नाम और मोबाईल नंबर वाली डायरेक्टरी का भी लोकार्पण किया गया। एसोसिएशन के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने कहा कि पहचान पत्र जारी होने से अधिवक्ताओं की पहचान सुनिश्चित करने में सुविधा होगी। डायरेक्टरी के माध्यम से सभी अधिवक्ताओं के बीच संपर्क और संवाद स्थापित करना आसान होगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की सुविधा, संगठन की मजबूती और कार्यप्रणाली को व्यवस्थित बनाना एसोसिएशन की प्राथमिकता है। आने वाले समय में भी अधिवक्ताओं के हित में आवश्यक कदम उठाये जाएंगे। अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बिनोद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, सहायक कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला, संयुक्त सचिव नितिन कुमार पांडेय, संतोष कुमार तिवारी सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। पहचान पत्र और डायरेक्टरी जारी किये जाने की पहल का अधिवक्ताओं ने स्वागत करते हुये इसे संगठन के लिये सकारात्मक और उपयोगी कदम बताया।

### विद्या मंदिर में संस्कृति ज्ञान महाभियान का हुआ भव्य शुभारंभ, कृष्णा रागी ने कहा

# संस्कृति ही हमारी पहचान और हमारी जीवन-पद्धति का आधार

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को संस्कृति ज्ञान महा अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्राचार्य कृष्णा रागी, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक और आचार्य नन्दलाल पाण्डेय ने सामूहिक रूप से भारत माता, ओम एवं मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा कृष्णा रागी को अंग वस्त्र, उत्सर्ग पत्रिका एवं संस्कृति ज्ञान विवरणिका देकर सम्मानित किया गया। अपने वक्तव्य में श्री रागी ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार और जीवन-मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृति ही हमारी पहचान और हमारी जीवन-पद्धति का आधार है। विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली परंपराओं, महापुरुषों के आदर्शों तथा भारतीय जीवन-दृष्टि से परिचित होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिये। श्री रागी ने विद्यालय की व्यवस्था, पठन -पाठन, संस्कार व संस्कृति की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुये अपनी ओर से उपहार स्वरूप विद्यालय को 10 कुर्सियां देने की घोषणा भी की। वहीं? विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि संस्कृति ज्ञान हेतु प्रवेशिका से प्रज्ञा तक अभिभावकों की परीक्षा आयोजित की जाती है। हमारा लक्ष्य होगा अधिक से अधिक अभिभावक गण इन परीक्षाओं में सहभागी हों। अखिल भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में यह अभियान आयोजित होती है। इस बार 13 से 31 अगस्त तक यह अभियान चलेगा। उस मौके पर आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येन्द्र प्रजापति, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, सुजीत दुबे, हिमांशु झा, रूपेश कुमार, कृष्ण मुरारी, प्रसून कुमार, ह्रषिकेश तिवारी, बिक्रम प्रसाद, अमन केरकेट्टा, लालू कुमार, प्रीतम कुमार, प्रवीण कुमार, विवेक सुमन सहित आचार्या नीति कुमारी, आरती श्रीवास्तव, खुशबू सिंघल, सुप्रिया कुमारी, रेणु पाठक, सलोनी, अनामिका व अदिति उपस्थित थीं।

## श्रीदेवी की कहानी अब पर्दे पर, प्रियंका चोपड़ा ने दिखाई 'एम्प्रेस' की पहली झलक



बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा श्रीदेवी की यादें आज भी उनके चाहने वालों के दिलों में ताजा हैं। 13 अगस्त को उनकी जयंती के मौके पर प्रियंका चोपड़ा ने अभिनेत्री को खास अंदाज में श्रद्धांजलि दी। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्रीदेवी की आगामी बायोग्राफी 'एम्प्रेस-द डेफिनिटिव बायोग्राफी ऑफ श्रीदेवी' के कवर की पहली झलक शेयर की। उन्होंने श्रीदेवी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि वह हमेशा याद की जाएंगी। प्रियंका की इस पोस्ट को बोनी कपूर ने भी री-शेयर किया। 'एम्प्रेस' श्रीदेवी के जीवन और फिल्मी सफर पर आधारित बायोग्राफी है, जिसे धीरज यू. कुमार लिख रहे हैं। इस किताब की घोषणा साल 2023 में वेस्टलैंड बुक्स ने की थी। बायोग्राफी में श्रीदेवी के बचपन, फिल्मों में उनके सफर और निजी जिंदगी से जुड़े पहलुओं को समेटने की बात कही गई है। खास तौर पर 1980 और 1990 के दशक में भारतीय सिनेमा में श्रीदेवी के प्रभाव और उनकी अभूतपूर्व लोकप्रियता पर भी रोशनी डाली जा सकती है। श्रीदेवी ने बाल कलाकार के तौर पर अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और आगे चलकर हिंदी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शुमार हुईं। अपनी अदाकारी और अलग-अलग किरदारों के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास मुकाम बनाया। 24 फरवरी 2018 को दुबई में 54 वर्ष की उम्र में उनके निधन के बाद भी उनकी विरासत कायम है। ऐसे में 'एम्प्रेस' के जरिए प्रशंसकों को उनकी जिंदगी और शानदार फिल्मी सफर को करीब से जानने का मौका मिलेगा।

## उदय-मजनू की वापसी से फिर गूंजेगी हंसी




'वेलकम' फ्रेंचाइजी के यादगार किरदार उदय-मजनू यानी अनिल कपूर और नाना पाटेकर को दर्शकों ने 'वेलकम टू द जंगल' में काफी मिस किया। अब खबर है कि निर्माता फिरोज नाडियाडवाला एक आगामी जॉम्बी-कॉमेडी के लिए इस लोकप्रिय जोड़ी को फिर साथ लाने की तैयारी में हैं। अहमद खान के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म में अनिल कपूर और नाना पाटेकर बिल्कुल नए किरदारों में नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि दोनों कलाकारों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में अनिल और नाना के लिए ऐसे किरदार तैयार किए जा रहे हैं, जो उनके पुराने उदय-मजनू से बिल्कुल अलग होंगे। निर्माताओं की कोशिश एक ऐसी जोड़ी पेश करने की है, जो नए दौर के दर्शकों के बीच भी उतनी ही लोकप्रिय हो सके। वहीं, फिल्म में टाइगर श्रॉफ को मुख्य भूमिका के लिए फाइनल किए जाने की चर्चा है। उनके जरिए फिल्म में जबरदस्त एक्शन का तड़का देखने को मिल सकता है। बताया जा रहा है कि फिल्म अभी लेखन के चरण में है और इसे पारिवारिक मनोरंजन के तौर पर तैयार किया जा रहा है। निर्माता फिरोज नाडियाडवाला बच्चों और परिवारों को ध्यान में रखते हुए एक हल्की-फुल्की जॉम्बी-कॉमेडी बनाना चाहते हैं। फिल्म में कहानी में हॉरर, कॉमेडी और एक्शन का मिश्रण देखने को मिलेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की शूटिंग 2027 की शुरुआत में शुरू हो सकती है। अगर अनिल कपूर और नाना पाटेकर की वापसी पक्की होती है, तो यह जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार होगी।

## बलोचिस्तान के सुराब जिले में पाकिस्तानी वायु सेना की बमबारी में 20 से ज्यादा नागरिकों की मौत



# पीपलकोटी सुरंग हादसा: छह श्रमिकों की मौत, 14 घायल, फंसे हुए हैं दो लेबर



**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जिले में पीपलकोटी के पास मायापुर स्थित टीएचडीसी की निर्माणाधीन सुरंग में गुरुवार शाम पानी रिसने और भूस्खलन के बाद हुए हादसे में छह श्रमिकों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रात 11 बजे की रिपोर्ट के अनुसार, सुरंग में फंसे 22 श्रमिकों में से 20 को बाहर निकाल लिया गया है। इनमें छह की मौत हो गई, जबकि 14 घायल हैं। सुरंग में फंसे शेष लोगों की तलाश और सुरक्षित निकासी के लिए राहत एवं बचाव अभियान जारी है।

हादसे की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर सर्विस और चिकित्सा दलों को तत्काल मौके पर भेजा गया। चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव अभियान की निगरानी की। टीएचडीसी की मशीनरी और मानव संसाधन को भी रेस्क्यू ऑपरेशन में लगाया गया है। घायलों को जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति को देखते हुए बेस चिकित्सालय श्रीनगर और एम्स ऋषिकेश को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। प्रशासन ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर गंभीर घायलों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देर रात राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुंचे और राहत एवं बचाव अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सुरंग में फंसे प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और अभियान में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित श्रमिकों और उनके परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने उपचार, दवाइयों, भोजन और आवास समेत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। धामी ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से एम्स या अन्य उच्च चिकित्सा संस्थानों में भेजा जाए।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी चमोली से फोन पर बातचीत कर अभियान की प्रगति और चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। राज्य आपदा परिचालन केंद्र में हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव विनोद कुमार सुमन और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने भी पीपलकोटी में सुरंग में पानी और मलबा आने की घटना पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सचिव, आपदा प्रबंधन से वार्ता कर घटनाक्रम और राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन समेत सभी संबंधित एजेंसियां पूरी तत्परता से युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान में जुटी हैं। उन्होंने सुरंग में फंसे लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रभावित श्रमिकों के संबंध में झारखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से भी दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने दोनों राज्यों को राहत एवं बचाव अभियान की जानकारी देते हुए प्रभावित श्रमिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

## खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 पारित




**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने गुरुवार को खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक में राज्यों की ओर से खनिज अधिकारों और खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने की शक्तियों को सीमित करने का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्यसभा में विधेयक को विचार और पारित करने के लिए पेश किया। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसी राज्य की वित्तीय स्थिति, भूमि या खनिजों से संबंधित विषयों में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के लिए नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार का उद्देश्य राज्यों के अधिकारों में दखल देना नहीं है। रेड्डी ने कहा कि सरकार चाहती है कि देशभर में खनिजों की दरें एकसमान हों, ताकि खनिज क्षेत्र में एक समान व्यवस्था कायम हो सके। विधेयक के जरिए खनिज अधिकारों और खनिज-युक्त भूमि पर राज्यों द्वारा लगाए जाने वाले करों से संबंधित व्यवस्था में बदलाव का प्रस्ताव है। सरकार का कहना है कि इससे खनिज क्षेत्र में एकरूपता आएगी और राज्यों के बीच खनिजों की दरों को लेकर असमानता को कम करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि लोकसभा ने इस विधेयक को 12 अगस्त को पारित किया था। लोकसभा से पारित होने के बाद इसे राज्यसभा में विचार के लिए भेजा गया था, जहां गुरुवार को इसे मंजूरी मिल गई।

## 'शुद्धिकरण' विवाद: नड्डा बोले- होगी जांच, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उत्तराखंड के हल्द्वानी के रामलीला मैदान में कांग्रेस अध्यक्ष के संबोधन के बाद कथित 'शुद्धिकरण' किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे छुआछूत की घटना बताते हुए दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। खरगे ने कहा कि 8 अगस्त को उनकी रैली के बाद मैदान का 'शुद्धिकरण' कराया गया, जो छुआछूत जैसी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना में भाजपा की भूमिका है और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने कहा कि भाजपा ऐसी किसी भी गतिविधि का समर्थन नहीं करती। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन इस मामले को गंभीरता से लेंगे। नड्डा ने कहा, जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कांग्रेस से इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने की अपील की। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि छुआछूत किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, हम सभी इस घटना की निंदा करते हैं। हम सभी समान हैं और किसी के शुद्धिकरण की आवश्यकता नहीं है। सरकार इस मामले की जांच कराए और दोषियों को सजा मिले।

## आरजी कर मामले में पूर्व तृणमूल विधायक निर्मल घोष ओडिशा से गिरफ्तार

**कोलकाता।** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक-प्रशिक्षु के दुष्कर्म और हत्या मामले में नया मोड़ सामने आया है। पानीहाटी के पूर्व तृणमूल कांग्रेस विधायक निर्मल घोष को ओडिशा से गिरफ्तार किया गया है। उन पर आरोप है कि आरजी कर अस्पताल में हुई घटना के बाद पीड़िता के शव का कथित तौर पर जबरन अंतिम संस्कार कराने में उनकी भूमिका थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका के पिता ने सोमवार को उत्तर 24 परगना के खरदह थाने में निर्मल घोष समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### पंचायत परामर्श यात्रा. जोड़, रजवाडीह, जामुने, चियांकी, सुआ एवं कौड़िया पंचायतों के ग्रामीणों से सीधा संवाद

# पलामू को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग तेज, किसानों की चिंता बढ़ी : केएन त्रिपाठी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पंचायत परामर्श यात्रा के क्रम में कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी ने गुरुवार को जोड़, रजवाडीह, जामुने, चियांकी, सुआ एवं कौड़िया पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों एवं आम जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय समस्याओं के साथ-साथ बारिश की कमी से उत्पन्न कृषि संकट की ओर भी उनका ध्यान आकृष्ट कराया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में कम बारिश की स्थिति को देखते हुये पलामू जिले को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग उठाई। किसानों ने बताया कि पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण धान सहित अन्य खरीफ फसलों की बुआई और रोपाई प्रभावित हुई है। खेतों में नमी की कमी के कारण फसल उत्पादन पर संकट मंडरा रहा है, जिससे किसानों की आजीविका भी प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों की चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुये केएन त्रिपाठी ने कहा कि पलामू में बारिश की कमी के कारण किसानों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो रहा है। सरकार को जमीनी स्थिति का तत्काल आकलन कर आवश्यक कदम उठाने चाहिये। यदि समय रहते राहत और कृषि सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में किसानों और ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है। उन्होंने कहा कि पंचायत परामर्श यात्रा का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे समझना और उनकी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाना है। ग्रामीणों ने क्षेत्र की अन्य प्रशासनिक एवं जनसमस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया, जिनके समाधान की मांग की गई। मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव विवेका त्रिपाठी, सुरेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रदेश सचिव रामचंद्र दीक्षित, कांग्रेस जिला सचिव रवींद्र तिवारी, कौशल दुबे, सुरेश पाठक, बबलू दुबे, नसीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)